हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 13 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 33 .7 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

14 गांव बड़सीकरी खुर्द में फिरनी निर्माण...



12 कबड्डी में हरियाणा ने महाराष्ट्र और राजस्थान...



**खबर संक्षेप**

### राजौंद अनाज मंडी में गेहूं उठान ठप

**राजौंद।** अनाज मंडी में गेहूं के उठान में देरी के कारण हालात चिंताजनक बने हुए हैं। मंडी में गेहूं के कट्टों के अंबार लग चुके हैं और अब नई फसल रखने के लिए स्थान की भी समस्या खड़ी हो गई है। रविवार तक भी उठान का कार्य शुरू नहीं हो पाया, जिससे किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार तक मंडी में लगभग 1,57,222 क्विंटल गेहूं पड़ा हुआ है, जिसका अभी तक उठान नहीं किया गया। वहीं, गांव सेरधा स्थित परचेज सेंटर पर भी गेहूं की आवक जारी है। शनिवार को यहां करीब 17,000 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। मार्केट कमेटी के सचिव ओम प्रकाश ने बताया कि डीएफएससी खरीद एजेंसी द्वारा सेरधा परचेज सेंटर पर अब तक कुल 18,210 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड का दौरा कर देखीं व्यवस्थाएं

# सरकार खरीदेगी फसल का एक-एक दाना

**सरकार किसानों की मेहनत का पूरा सम्मान करती है फसल खराब नहीं होने दी जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



जींद। नरवाना अनाज मंडी में किसानों से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की मेहनत का पूरा सम्मान करती है और किसी भी किसान की फसल खराब नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा किसानों की उपज का एक-एक दाना खरीदा जाएगा और खरीद प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता व सुचारू ढंग से सुनिश्चित की जाएगी। रविवार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने नरवाना नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड का दौरा कर गेहूं खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में पहुंचकर किसानों और आढ़तियों से सीधे संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि गेहूं खरीद उठान और भुगतान की पूरी प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से संचालित की जाए ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मंडियों में पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मौसम में संभावित बदलाव को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में फसलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त तिरपाल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध रखी जाएं। मंत्री ने कहा कि अक्सर एक साथ अधिक मात्रा में गेहूं की आवक होने से अव्यवस्था की स्थिति बन जाती है, इसलिए सभी खरीद एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और खरीद के साथ-साथ उठान प्रक्रिया को भी लगातार जारी रखें। ताकि मंडियों में सुचारू व्यवस्था बनी रहे।

#### मंत्री ने किसानों की बात सुनकर दिया आश्वासन

मंत्री ने किसानों की बातों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है और भविष्य में भी उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएंगी। कृषि मंत्री ने बताया कि इस बार गेहूं खरीद प्रक्रिया को और अधिक सरल पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। फसल मंडी में लाने की सुविधा के बारे में बताया कि किसान अपनी फसल को ट्रैक्टर-ट्रॉली के अलावा बैलगाड़ी जैसे पारंपरिक साधनों से भी मंडी में ला सकते हैं। यदि ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नंबर प्लेट नहीं है तो किसान ट्रैक्टर पर पेंट से नंबर लिखकर या कागज/स्टीकर पर पंजीकरण संख्या अंकित कर भी फसल ला सकते हैं। किसानों को गेट पास के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े । इसके लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई है। अब किसान 24 घंटे किसी भी समय अपनी फसल लेकर मंडी में आ सकते हैं। जिससे उनकी सुविधा में बढ़ोतरी होगी। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से किसान स्वयं भूमि मालिक या पट्टेदार किसान अपनी फसल का पंजीकरण कर सकते हैं।

# पुलिस ने मारा छापा, गैस रिफलिंग करते चार पकड़े

■ पुलिस ने पकड़े गए लोगों समेत पांच के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआइए स्टाफ नरवाना ने गांव बेलरखा नहर के निकट ढाबे पर गैस टैंकरो से कमर्शियल सिलेडरो को रिफल करते चार लोगो को काबू किया है। पुलिस ने मौके से 22 सिलेडरो को बरामद किया है। जिसमे पांच का भरा जा चूका था। सीआइए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गांव बेलरखा नहर के पास बने ढाबे पर अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेडर गैस टैंकरो से रिफलिग का कार्य होता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने जब ढाबे पर छापा मारा तो चार गैस के टैंकर खड़े मिले। जिनमे पाईप लगा कर कमर्शियल गैस सिलेडरो को रिफल किया जा रहा था। जो कि खतरनाक था। मौके पर 22 कमर्शियल गैस सिलेडर रखे हुए थे। जिसमे पांच को भरा जा चूका था। जबकि 17 खाली रखे हुए थे। साथ माप तोल का कांटा भी रखा था। जिनकी पहचान ढाबा संचालक गांव बेलरखा निवासी विजेद्र, गैस कटेनर मालिक गांव घसो खुर्द निवासी अजय, दूसरे कटेनर का चालक गांव राजधान जिला अमृतसर पजाब निवासी मनप्रीत, तीसरे कटेनर चालक की पहचान गांव बबोवाला अमृतसर निवासी बलदेव सिह, जबकि चौथे कटेनर का चालक फरार होने मे कामयाब हो गया। छानबीन मे सामने आया कि ढाबा मालिक अवैध रूप से गैस सिलेडरो की रिफलिग करवा कर मुनाफे पर बेच रहा था। पुलिस ने चारो लोगो को काबू कर गैस सिलेडरो तथा कंाटे को कब्जे मे ले लिया।

## अपहरण व मारपीट में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अपहरण व मारपीट के एक गंभीर मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव हाबड़ी निवासी गौरव की शिकायत अनुसार उसकी जान-पहचान गांव के ही विक्की से थी, जो उसे अपने साथ गांव मटौर ले गया। वहां उसकी मुलाकात कुलदीप उर्फ राहुल निवासी मटौर से हुई। कुलदीप ने उसे गार्ड की नौकरी दिलाने का झांसा देकर मनीमाजरा (चंडीगढ़) बुला लिया और वहां रहने के लिए एक कमरा भी दे दिया। दो-तीन दिन बाद कुलदीप अपने साथी विकास के साथ उसके कमरे पर आया और उसे एक बैग में रखा सफेद पाउडर (स्मैक) एक युवक को देने के लिए कहा। उसे एक फोटो दिखाकर गुरुद्वारा मनीमाजरा के पास उक्त युवक को सामान देने और बदले में पैसे लाने के लिए भेजा गया। गौरव ने बताया कि वह डर के कारण वहां चला गया, लेकिन जैसे ही उसने सामान देने के बाद पैसे मांगे, वहां मौजूद अन्य युवकों ने उसके साथ झगड़ा कर सामान छीन लिया और बिना पैसे दिए फरार हो गए।

## भाकियू नेताओं ने किया मंडी का दौरा, तोल में मिलीं खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

अनाज मंडी में किसानों को आ रही समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के सदस्यों ने मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कई खामियां मिली, जिससे किसानों में भारी नाराजगी देखी गई। किसान नेताओं ने बताया कि मंडी में फसल का समय पर तोल नहीं हो रहा, जिसके चलते किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारों से अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। वहीं बायोमैट्रिक प्रक्रिया भी धीमी है, जिससे किसानों को तेज धूप में लंबी लाइनों में खड़ा रहना पड़ रहा है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष महाबीर चहल ने कहा कि सरकार के दावे जमीनी स्तर पर फेल साबित हो रहे हैं। समय पर तोल न होना और धीमी बायोमैट्रिक प्रक्रिया किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत सुधार की मांग की। युवा किसान नेता नरेन्द्र मागो माजरी ने कहा कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान यूनियन प्रर्दशन करने को मजबूर होगी। किसान यूनियन ने प्रशासन को मौके पर ही समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग की कि तोल प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया जाए, बायोमैट्रिक प्रणाली में सुधार किया जाए और मंडी में पानी व छाया जैसी सुविधाएं तुरंत उपलब्ध करवाई जाएं। इस दौरान मनोज नीमवाला, नरेन्द्र परजापति, जसवंत सिंह, सुरेंद्र गिल, बलकार मलिक, दीप कसान, बिंदर गिल व अन्य किसान मौजूद रहे।

## सीवन अनाज मंडी में गेहूं खरीद ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

सीवन अनाज मंडी में गेहूं की खरीद अब तेजी से आगे बढ़ रही है। मंडी में किसानों की आवक बढ़ने के साथ खरीद प्रक्रिया भी सुचारू रूप से जारी है। मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर सैनी ने कहा कि मंडी में किसानों की सुविधा के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं। मार्केट कमेटी कर्मचारी नरेंद्र के अनुसार शनिवार तक सीवन मंडी और गौंहरा सब-सेंटर में कुल 57,000 क्विंटल गेहूं की खरीद दर्ज की गई थी। शनिवार को भी खरीद जारी रही, जिससे कुल आंकड़े में और वृद्धि हुई। शनिवार को खरीद प्रक्रिया मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल की देखरेख में संपन्न हुई। उन्होंने मंडी में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विक्रम मुंजाल ने कहा कि मंडी में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और गेहूं का एक-एक दाना खरीदा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी खरीद एजेंसियां सक्रिय हैं और भुगतान प्रक्रिया को भी समयबद्ध करने पर जोर दिया जा रहा है। मंडी में पेयजल, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



## खबर संक्षेप

### छह किसानों के खेतों से केबल चोरी, शिकायत दी

**जींद।** गांव उचाना कलां मे बीती रात चोरो ने आधा दर्जन किसानो के खेतो से संबर्सिबल टयूबवैलो से कीमती बिजली केबलो को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने किसानो की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उचाना कलां निवासी बलजीत ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसने खेत मे सबर्सिबल लगाया हुआ है। बीती रात चोरो ने सबर्सिबल से 120 मीटर कीमती बिजल केबल को चोरी कर लिया। इस प्रकार उसके पडोसी किसान सुरेद्र, सतपाल, रामनिवास, शमशेर,जसबीर के खेत से भी कीमती बिजली केबलो को चोरी कर लिया।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**जींद।** युवा विकास समिति जींद व युवा मंडल हैबतपुर के द्वारा 14 अप्रैल को ग्राम सचिवालय हैबतपुर में एक स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस के जिला प्रधान ऋषिपाल शिरकत करेंगे। महासचिव प्रवीण सैनी ने बताया कि यह रक्तदान शिविर अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में लगाया जा रहा है। इसमें भारी संख्या में युवा रक्तदान करेंगे। उपाध्यक्ष शीला सैनी ने बताया कि शिविर के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कवि ओमप्रकाश चौहान, धर्मराज जागलान, एथलेटिक्स कोच अनूप, सूरजमल शर्मा होंगे।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** डी.सी. मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पोर्टल पर 30 सितंबर 2026 तक कर सकते हैं। डी.सी. ने बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। उन्होंने बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

### 24.8 ग्राम हेरोइन के साथ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** सीआइए स्टाफ ने गांव बोहतवाला के निकट एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 24.8 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। सदर थाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

सीआइए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव बोहतवाला मे हैचरी के निकट एक व्यक्ति नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है और ग्राहको का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को काबू कर लिया। पुलिस कर्मियो ने जब व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 24.8 हेरोइन बरामद हुई।

## खेलों के माध्यम से देश व प्रदेश का नाम रोशन करें : रणधीर श्योकंद

# कबड्डी में हरियाणा ने महाराष्ट्र और राजस्थान ने गुजरात को दी मात

**40 फुटा स्थित बाबा प्रेमनाथ खेल अकादमी में चल रही है खेल प्रतियोगिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



जींद। खिलाड़ियों से परिचय करते दाड़न खाप प्रधान रणधीर श्योकंद।



12जेएनडी22 : मैच में जीत के लिए पसीना बहाते हुए खिलाड़ी।

तीन दिवसीय नेशनल लेवल कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाडिय़ों ने जीत के लिए पसीना बहाया। कबड्डी के मैचों में रोचक मुकाबले भी हुए। मुख्य अतिथि के तौर पर सर्व जातीय दाडऩ खाप चबूतरा पालवां के प्रधान रणधीर श्योकंद पहुंचे। 40 फूटा स्थित बाबा प्रेमनाथ खेल अकादमी के खेल मैदान में प्रतियोगिता चल रही है। प्रतियोगिता में चार मैदान में एक साथ मैच होते है। 21 राज्यों की 42 टीमें प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है। कबड्डी फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा कबड्डी का आयोजन करवाया जा रहा है।इस मौके पर केएफआई टेक्निकल चेयरमैन महावीर, पूर्व प्रधान सूरजभान, सोमदत्त थुआ, प्रदीप पालवां, रमेश मखंड, राजा डूमरखा, राजेश पालवां, महावीर काकड़ोद, सचिव महाबीर मंगलपुर, कृष्ण डूमरखा, राजेश खरकभूरा, जयभगवान करसिंधु, सतीश शर्मा, विक्रम सिंह, सतीश खटकड़, शेरा कबड्डी कोच, महावीर शास्त्री, देशराज खरकभूरा मौजूद रहे।

#### खेलों से युवाओं को मिलते हैं आगे बढ़ने के अवसर

रणधीर श्योकंद ने कहा कि कबड्डी का खेल ग्रामीण अंचल का खेल माना जाता है। इस खेल को विशेषकर हरियाणा, राजस्थान, यूपी में अधिक देखा, खेला जाता है। पहले कबड्डी, कुश्ती दो ही खेल होते थे। उचाना जैसे क्षेत्र में नेशनल स्तर की कबड्डी का होना हमारे लिए गर्व की बात है। खेलों से युवाओं को आगे आने के अवसर मिलते है। प्रतिभाओं की कमी नहीं है। आज अभिभावक बेटों की तरह बेटियों को भी खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करने लगे है। खाप द्वारा फैसला लिया गया है कि खाप के गांवों का कोई भी खिलाड़ी अगर राष्ट्रीय, हरियाणा स्तर पर पदक जीत कर आता है तो उसको सम्मानित किया जाएगा। इस तरह के आयोन होते रहने चाहिए।

#### ये रहे परिणाम, खिलाड़ियों का किया सम्मान

लड़कों में हरियाणा का महाराष्ट्र के बीच मुकाबला हुआ। हरियाणा की टीम 13 अंकों से विजयी रही। जम्मू-कश्मीर का मुकाबला गुजरात के साथ हुआ। गुजरात ने मैच 11 अंक से जीता। झारखंड का मुकाबला गोवा के बीच हुआ। गोवा ने मैच 10 अंक से जीता। हिमाचाल का मुकाबला हरियाणा के साथ हुआ। हरियाणा की टीम एक तरफा मुकाबले में 21 अंकों से जीती। त्रिपुरा का मुकाबला मणिपुर के बीच हुआ। मणिपुर की टीम 17 अंकों से जीती। लद्दाख का मुकाबला मध्य प्रदेश के साथ हुआ। दोनों के अंक बराबर रहने पर मैच टाई हुआ। लड़कियों में पंजाब का मुकाबला मध्य प्रदेश की टीम के साथ हुआ। पंजाब की टीम 36 अंक से जीती। हरियाणा का मुकाबला चंडीगढ़ से हुआ। चंडीगढ़ की टीम 29 अंक से जीती। उड़ीसा का मुकाबला हिमाचाल के साथ हुआ। उड़ीस की टीम 19 अंक से जीती। बिहार का मुकाबला दिल्ली से हुआ। दोनों के अंक 17-17 रहने पर मुकाबला टाई हुआ। यूपी का मुकाबला हिमाचल के साथ हुआ। हिमाचाल 27 अंकों से जीती। दिल्ली का मुकाबला लद्दाख से हुआ। दिल्ली की टीम 27 अंक से जीती। राजस्थान का मुकाबला गुजरात से हुआ। गुजरात की टीम 22 अंकों से जीती।

# खान-पान में हो रहे बदलाव से बढ़ रही हैं बीमारियां : डॉ. अनिल जैन

- कापड़ो गोशाला में मेगा स्वास्थ्य कैंप में 214 मरीजों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



**जींद।** मेगा स्वास्थ्य कैंप में पहुंची डॉक्टरों की टीम जिन्हें सम्मानित किया।

बाबा फुल्ले साध गौशाला कापड़ो में रविवार को मेगा स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया। कैंप में नेत्र, बीपी, शुगर, दांतों, सामान्य रोग, महिला स्वास्थ्य संबंधित जांच हुई। कैंप में उचाना से डॉ. आशीष सिंगला, डॉ. सुरेश गुप्ता, तेरापंथ प्रोफेशनल फोर्म जींद स्वास्थ्य टीम के डॉ. अनिल जैन, डॉ. मीनाक्षी जैन, डॉ. सुनीता गोयल, डॉ. बानिश गर्ग, डॉ. रचित, डॉ. ऋषभ, डॉ. अनिल गुप्ता पहुंचे। 214 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। कैंप में बीपी, शुगर एवं नेत्र रोग से संबंधित मरीज अधिक पहुंचे।

डॉ. अनिल जैन ने कहा कि गांव का खान-पान पहले स्वास्थ्स के लिए अच्छा माना जाता था। अब समय के साथ-साथ इसमें बदलाव हो रहा है। फसल उत्पादन अधिक लेने के लिए जो खाद अधिक डाली जा रही है उससे स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। बीपी, शुगर सहित कई बीमारी ऐसी है जो खान-पान में हुए बदलाव की वजह से हो रही है। गांव के लोगों को भी चाहिए कि वो समय-समय पर बीपी, शुगर की जांच जरूर करवाए। सुबह की सैर जरूर करें। नेत्र संबंधित परेशानी बच्चों में अधिक हो रही है।

### 14 अप्रैल को किसान व आढ़ती मनाएंगे काला दिवस, तैयारी पर चर्चा



**जुलाना।** बैठक में भाग लेते किसान और आढ़ती।

**जुलाना।** कस्बे की नई अनाज मंडी में किसानों और आढ़तियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ढांडा खाप के पूर्व प्रधान नरेश ढांडा ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और आढ़ती मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार द्वारा लागू किए जा रहे नए नियमों पर रोष प्रकट किया। बैठक को संबोधित करते हुए नरेश ढांडा ने कहा कि सरकार लगातार नए-नए नियम लागू कर रही है, जिससे किसानों और आढ़तियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ये नियम कृषि व्यवस्था को कमजोर करने वाले हैं और इससे मंडियों का पारंपरिक सिस्टम प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से इन फैसलों पर पुनर्विचार करने की मांग की। नरेश ढांडा ने आगे कहा कि 14 अप्रैल को बैसाखी का पर्व है, जो किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण दिन होता है। इस दिन को विरोध के रूप में मनाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सभी किसान और आढ़ती अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर काला दिवस मनाएंगे और सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज करवाएंगे।

## सीसीआई हरियाणा की राज्य व जिला कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया शुरू



- उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा के लिए समाज की भागीदारी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कंज्यूमर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) हरियाणा द्वारा राज्यभर में उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा और जन-जागरूकता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राज्य एवं जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीसीआई हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार भोला ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे भ्रामक विज्ञापन, घटिया उत्पाद, गलत बिलिंग और खराब सेवाओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उपभोक्ताओं का जागरूक होना और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित प्रयास करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सीसीआई हरियाणा राज्य एवं जिला स्तर पर सक्रिय कार्यकारिणी का गठन कर उपभोक्ता जागरूकता अभियान, शिकायत निवारण सहायता और जनहित कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाएगा। इसके माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक उपभोक्ता अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाई जाएगी।

# जच्चा को अस्पताल में मिलेगा पौष्टिक भोजन, 100 रुपये प्रतिदिन होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- जच्चा को अस्पताल में मिलेगा पौष्टिक भोजन, 100 रुपये प्रतिदिन होंगे खर्च
- स्वास्थ्य विभाग ने लगाया चार लाख रुपये का टेंडर, 20 अप्रैल

नागरिक अस्पताल में अब जच्चा को पौष्टिक भोजन मिलेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिदिन प्रति महिला 100 रुपये खर्च करेगा। इससे महिलाओं को पहले की अपेक्षा ज्यादा अच्छा और सेहतमंद खाना मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए चार लाख रुपये का टेंडर लगाया है। 20 अप्रैल को इसका टेंडर खोला जाएगा। नागरिक अस्पताल में इस समय एक रसोई के माध्यम से जच्चा को खाना दिया जाता है। इसके अलावा जच्चा के साथ आने वाले तीमारदार को भी खाना दिया जा रहा है। हालांकि यह खाना काफी अच्छा होता है, लेकिन अब स्वास्थ्य विभाग और ज्यादा बेहतर खाना जच्चा को देना चाहता है। ऐसे में उसने चार लाख रुपये का टेंडर लगाया है। इसमें प्रति महिला पर प्रतिदिन 100 रुपये खर्च करने की योजना है। 100 रुपये में महिला को तीनों समय अच्छा खाना दिया जाएगा ताकि वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके। महिला को डिलीवरी के तुरंत बाद हल्का और ताजे खाने की जरूरत है। उसे एकदम भारी खाना भी नहीं दिया जा सकता। इसलिए डिलीवरी के दो या तीन दिन या इससे अधिक दिन महिला अगर अस्पताल में दाखिल रहती है तो उसे यह खाना दिया जाएगा। इसमें दाल, खिचड़ी, रोटी, चावल, सब्जी, दलिया और पौष्टिक सूप शामिल किया जाएगा। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से महिला के तीमारदार को भी खाना दिया जाता है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग केवल जच्चा पर ही 100 रुपये प्रतिदिन खर्च करेगा।

## अग्रवाल समाज की महिला विंग ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

# शिविर में 300 से ज्यादा लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**मरीजों को मुफ्त दवाइयां व बीपी की मशीन की वितरीत चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परामर्श भी दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। हेल्थ चेकअप कैंप में उपस्थित कृष्ण मिढढा, राजकुमार गोयल व महिला विंग।

सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल समाज जींद की महिला विंग द्वारा आज शहर में विशाल निशुल्क हेल्थ चेकअप एवं नेत्र जांच कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कैंप चैम्बर वाली धर्मशाला में आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिढ़ा, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल, प्रमुख समाजसेवी पवन गर्ग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय अग्रवाल समाज महिला विंग की प्रधान पुष्पा अग्रवाल व उनकी टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर रामधन जैन, रेणु तायल, मोनिका गर्ग, शीतल, नेहा, साधना, कविता, सुमन, नीलम, ममता, अंजू सिंगला, बबीता, रेनू गर्ग इत्यादि ने प्रमुख रूप से शिरकत की। इस कैंप में 300 से ज्यादा लोगों ने अपना हेल्थ चेकअप करवाया। इस अवसर पर राजकुमार गोयल व पुष्पा अग्रवाल ने कहा कि इस हेल्थ चेकअप कैंप का उद्देश्य आमजन, विशेषकर महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कैंप में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा शुगर, ब्लड प्रेशर सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई वहीं नेत्र रोगों की भी विशेष जांच की गई। कैंप में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. गितांशु लखीना एवं सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. मेघा चिल्लाना ने अपनी सेवाएं दीं। जरूरतमंद मरीजों की स्पेशल शुगर मशीन से जांच की गई तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां व बीपी मशीन इत्यादि भी वितरित की गईं। पुष्पा अग्रवाल ने बताया कि उनकी संस्था लंबे समय से समाजसेवा के कार्य कर रही है और इसी कड़ी में इस शिविर का आयोजन किया गया।

#### डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने की सराहना

इस अवसर पर हरियाणा सरकार के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि इस पुनीत कार्य में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का अवसर मिला यह मेरे लिए गर्व की बात है। इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर समाज के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। आज के समय में जहां लोग अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं हो पाते ऐसे शिविर उन्हें समय पर जांच और सही सलाह प्रदान करते हैं। उन्होने कहा कि हरियाणा सरकार भी निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है लेकिन समाज के सहयोग के बिना यह संभव नहीं है। मैं आयोजकों को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहित कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

### किसान को धमकी देकर मांगी दो करोड़ की चौथ

**जींद।** गांव हसनपुर निवासी किसान को धमकी देकर दो करोड़ की चौथ मांगने का मामला सामने आया है। चौथ राशि न देने पर बुरा अंजाम भूगतने की धमकी दी गई। अलेवा थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ चौथ मांगने तथा धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हसनपुर निवासी विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह खेतीबाडी करता है। गत पांच अप्रैल शाम को उसके फोन पर काल आई। काल करने वाले ने दो करोड की चौथ मांगी। काल करने वाले ने खुद को गांव कान्ही रोहतक निवासी सुरेद्र बताया। धमकी देने वाले को उसने गंभीरता से नही लिया। लगभग तीन घटे के बाद फिर से दूसरे नबर काल उसके मोबाइल फोन पर काल आई।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्र में लगा स्कूल रेडीनेस मेला

**जींद।** उपमंडल के गांव खेड़ा खेमावती स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को स्कूल रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करना, उनके सामाजिक एवं भाषा कौशल को मजबूत बनाना तथा उन्हें विद्यालयी वातावरण के लिए तैयार करना रहा।कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक का-ऑर्डिनेटर ज्योति हुड्डा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर सोनिया, संतरा देवी, रितु, अनीता देवी, संतोष, कमला, संध्या रानी एवं जरसो सहित अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।



### 26 को शिक्षा मंत्री के पानीपत आवास पर प्रदर्शन : हैप्पी

**जींद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला प्रधान हैप्पी मोर की अध्यक्षता में अक्षर भवन में एक आवश्यक मीटिंग हुई। मीटिंग में मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबित एटीसी, एसीपी और मेडिकल बिल में अनिमतिताओं पर रोष प्रकट किया। हैप्पी मोर ने कहा कि 6 महीने से बिल पेंडिंग पड़े हुए हैं। एक ही बिल पर बार-बार ऑब्जेक्शन लगाया जाता है, जो नियम सम्मत नहीं है। विद्यालयों में मिड डे मील पर भी संकट आ गया है। ईंधन पर खर्च ज्यादा हो रहा है जबकि सरकार की तरफ से उसका बजट कम मिल रहा है। टेट टेस्ट को रद्द करवाने के लिए सभी विधानसभा क्षेत्र में सभी एमएलए को ज्ञापन दिया जाएगा । 26 अप्रैल को शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार को टैट की अनिवार्य को रद्द करने के लिए पानीपत में आवास पर प्रदर्शन के साथ ज्ञापन दिया जाएगा। इसमें जींद की तरफ से सैकड़ों अध्यापक जाएंगे।

### दूसरों की तरक्की देख जलो मत : अशोक पुजारी



**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर उचाना मंडी में प्रवचन के दौरान पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि ईर्ष्या सदा अपनों से होती है परायों से कभी नहीं होती। दूसरों के जलने वाला इंसान हैवान होता है। जीवन एक गणित है। गणित में जोडऩा, घटाना, गुणा करना और भाग देना सब कुछ होता है। जिंदगी में भी यह सब जरूरी है। जिंदगी में दोस्ती का जोड़ करो, दोस्त खुद ब खुद बढ़ जाएंगे। दुश्मनी को घटा दो दुश्मन खो जाएंगे। खुशियों को गुणा कर दो खुशियां चौगुणी हो जाएगी। दुख का भाग कर दो तो दुख स्वतः कम हो जाएंगे। इतना सब कुछ कर लो जिंदगी का वर्गमूल अपने आप निकल जाएगा। जिंदगी में आप कितने खुश है यह जरूरी नहीं। जिंदगी में आपकी वजह से कितने लोग खुश है यह जरूरी है। जीवन में चार चीजें मत तोड़िए विश्वास, रिश्ता, वचन व हृद्य। उन्होंने कहा कि हम दूसरों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझ कर जीएं। अपने दुख से दुखी होकर तो हर कोई आंसू बहा लेता है लेकिन धर्मात्मा एवं ज्ञानी तो वही है जिसकी आंखे दूसरों के दुख और पीड़ा को देखकर छलछला आती है। मनुष्य तो वही है जो दूसरों के दुख, दर्द को पहचानता है और उन्हें दूर करता है। जो दूसरों की पीड़ा को न पहचाने और दूसरों की पीड़ा को देखकर सुख का अनुभव करे वह नर नहीं नर के रूप में राक्षस है।



### प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाए : सेव

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट आफॅ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट 'सेव' ने रविवार सुबह 7:30 बजे जींद के महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 461वां अभियान था। संस्था सदस्यों ने पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़े को उठाते हुए यह संदेश देने का प्रयास किया कि स्वच्छता हर किसी की जिम्मेदारी है। हम सभी ने इस जिम्मेदारी को निभाना चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालें। रोड पर बाहर खुले में किसी भी प्रकार का कूड़ा कचरा नहीं फैकें। इस मौके पर अजमेर सिंह चौहान, बलबीर इंस्पेक्टर इगराह, रोहतास गुप्ता, डॉ. राजेंद्र सिंह, बलवीर श्योकंद, सुजान सिंह पूनिया, बलजीत सिंह रेढू, धर्मवीर पूनिया, हरवीर सिंह, मनोज आदि साथी मौजूद रहे।



### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभा यात्रा

**जींद।** भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा से पहले माता जयंती देवी के मंदिर में हवन हुआ, इसके बाद भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा शहर से होती हुई भगवान परशुराम चौक पर पहुंची। कार्यक्रम का आयोजन ब्राह्मण धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि समाज में युवाओं को एकत्रित होकर आगे बढ़ाना होगा और साथ ही अच्छे से पढ़ने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित हरिराम दीक्षित ने की और उन्होंने सरकार से समाज के युवाओं के लिए आरक्षण एवं रोजगार की मांग करी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे नवीन जयहिन्द ने सभी युवाओं को एकत्रित होकर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान राधे श्याम शर्मा एवं मनोज कौशिक गोहाना के साथ साथ समाज के सभी प्रतिनिधियों का रहा। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति जिला प्रधान ब्राह्मण सभा जींद धर्मवीर पिंडारा के साथ साथ जिले की सभी ब्राह्मण धर्मशालाओं के प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पद्मश्री महावीर गुड्डू एवं हरियाणवी कलाकार संदीप शर्मा और शोभायात्रा में शामिल झांकियां ने कार्यक्रम को चार चांद लगाए।



### एमएसपी पर फसल खरीद रही सरकार : सुरेंद्र

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने छात्तर सब यार्ड, काब्रच्छा परचेज सेंटर का दौरा कर गेहूं की खरीद का जायजा लिया। यहां पर आढ़तियों, किसानों से जो नए गेहूं की खरीद के नियम है उनको लेकर भी जानकारी ली। अब तक छात्तर सब यार्ड पर 90 हजार क्विंटल गेहूं आ चुकी है। बीडीपीओ शमशेर नैन, वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग भी इस दौरान साथ में रहे। चेयरमैन ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने निर्देश दिए है कि गेहूं की खरीद में किसान, आढ़तियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरंतर सब यार्ड, परचेज सेंटर एवं अनाज मंडी में दौर कर जानकारी ली जाती है। किसानों की फसल का एक-एक दाना एमएसपी पर नायब सरकार खरीद रही है। इस बार गेहूं का उत्पादन बीते साल से अधिक होने की उम्मीद है। किसानों के लिए राम भी राजी है राज भी राजी है। खुद सीएम नायब सिंह सैनी एवं उनके कैबिनेट के मंत्री, भाजपा विधायक निरंतर मंडियों में जाकर किसानों, आढ़तियों से मिल रहे है।

## खबर संक्षेप

### पीएम विश्वकर्मा योजना से कारीगरों को नई पहचान

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है, जिससे उनके हुनर को पहचान मिल रही है। डीसी अपराजिता ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक है। पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य बिंदु कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों।

### घायल को पहुंचाए अस्पताल, मिलेगा इनाम

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया केंद्र सरकार की राहवीर योजना को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने हरियाणा में लागू किया गया है। इस योजना के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर (एक घंटे के भीतर) में अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को 25 हजार रुपये इनाम दिया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य हादसे के दौरान घायल हुए इंसान को समय पर मदद करने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम 2019 की धारा 134-ए और भारत सरकार की 29 सितंबर 2020 की अधिसूचना के तहत राहवीर को कानूनी संरक्षण भी मिलेगा। सड़क दुर्घटना में घायल की मदद करने वाले को सात दिन के अंदर 25 हजार रुपये इनाम और प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा।

### अनैतिक कार्य मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना गुहला अंतर्गत क्षेत्र में अनैतिक कार्य करवाने के मामले की जांच डीएसपी मुख्यालय बीर भान द्वारा करते हुए आरोपी सलेमपुर निवासी दर्शन को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 10 अप्रैल को थाना गुहला प्रबंधक पीएसआई शनेष कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि डेरा भाग सिंह क्षेत्र में एक मकान में बाहर से महिलाओं को बुलाकर अनैतिक कार्य करवाया जा रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान मकान से तीन महिलाएं व तीन पुरुष संदिग्ध अवस्था में मिले। पूछताछ में महिलाओं ने स्वीकार किया कि डेरा भाग सिंह गुहला निवासी सुमन द्वारा उन्हें देह व्यापार के लिए बुलाया गया था।

### ब्रह्माकुमारी संस्था में 'ज्ञान गंगा प्रवाह'

**राजौंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की राजौंद शाखा द्वारा रविवार को 'ज्ञान गंगा प्रवाह' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई बहनों ने भाग लेकर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान असंध से पहुंचीं ऊषा बहन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोगों के जीवन में दुख और परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में परमात्मा से आंतरिक संबंध स्थापित करना ही सच्चे सुख और शांति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य का संबंध परमात्मा से जुड़ता है।

### सड़कों की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

**कैथल।** प्रदेश में सड़कों की स्थिति को बेहतर बनाने और आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए हरियाणा सरकार ने तकनीक को अपनाया है। डीसी अपराजिता ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'म्हारी सड़क' एप की जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रदेश का कोई भी नागरिक खराब सड़कों की शिकायत सीधे सरकार तक पहुंचा सकता है। उन्होंने बताया कि इस एप को विशेष रूप से पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यदि किसी क्षेत्र की सड़क टूटी हुई है या उसमें गड्ढे हैं, तो नागरिक सड़क की लाइव फोटो एप पर अपलोड कर सकते हैं।

### काव्य गोष्ठी में 50 से ज्यादा साहित्यकार हुए शामिल

# मनोभावों और मनोविकारों को प्रकट करने का जरिया साहित्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीद

साहित्य एक ऐसी विधा है जिसके माध्यम से व्यक्ति के मनोभावों और मनोविकारों को सहजता से प्रकट किया जा सकता है, इसलिए साहित्य एक साधन है। यह उद्गार पूर्व आईजीपी डॉ. हरीश कुमार रंगा ने काव्य गोष्ठी में प्रकट किया। इस काव्य गोष्ठी में जिला भर से आए तथा दूसरे जिलों से आए हुए लगभग 50 साहित्यकारों ने भाग लिया कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के निदेशक डॉक्टर धर्मदेव विद्यार्थी ने की। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है और ज्यादातर साहित्यकार शिक्षक होते हैं जिन्हें समाज का निर्माण करता कहा जाता है। निर्माण की प्रक्रिया को दर्पण के माध्यम से प्रतिबिंबित करने वाला ही साहित्यकार होता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा साहित्य अकादमी हरियाणा भर के साहित्यकारों को प्रोत्साहन देने के लिए हर संभव प्रयास करती है। विशेष रूप से हरियाणवी साहित्य को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। आज कोई भी ऐसा जिला नहीं है, जिसमें साहित्य अकादमी द्वारा कार्यक्रम ना किया गया हो। प्रत्येक जिला के प्रत्येक कार्यक्रम में निदेशक के रूप में डॉक्टर धर्मदेव विद्यार्थी की उपस्थिति रही है, जिसके कारण साहित्यकारों ने और भी जोश के साथ साहित्य की रचना की है विशेष रूप से पिछले वर्ष हरियाणवी में जितनी पुस्तकों की रचना की गई है वह सर्वाधिक है। उन्होंने हरियाणवीं बोली को भाषा बनाने पर जोर दिया ताकि हरियाणा वासी गर्व से कह सके कि हमारी भी हरियाणवी भाषा है। उन्होंने साहित्यकारों पर एक कविता की रचना इस प्रकार सुनाई कि साहित्यकारों में एक आग को देखा, उस आग पर पकते पकवान को देखा।धर्म संस्थान और साहित्य प्रेरक संस्था जींद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कवियों ने अपने-अपने ढंग से अनेक कविताओं का पाठ किया, जिसमें कविराज राम कुमार अलेवा ने कहा कि हाथ जोड़कर मैं करूं, सबका ही आभार इसी तरह मिलता रहे एक दूजे का प्यार।पूर्व प्राध्यापक जगदीश पांचाल ने हरियाणवी रचना में कुछ इस तरह कहा कि एरी किस्मत अजब है तेरा खेल, ना जाने कब किसकी ठप कर दे जीवन की रेल।



जीद। कार्यक्रम में मौजूद साहित्यकार। फोटो : हरिभूमि

#### कवि सम्मेलन का आयोजन

*कैथल से आए सतपाल पाराशर ने भी हरियाणवी के दोहे इस प्रकार रखें, कम बोलै ज्यादा सुणै समझदार इंसान, इस करके रब ने दिए एक जीभ दो कान। शकुंतला ने सरस्वती वंदना करते हुए गाया, मां शारदे तेरी वंदना गांऊ, वंदना गांऊ मैया तुझको रीझाऊं। प्रिंसिपल रमेश धालीवाल ने कविता को सवर दिया। रक्त रंजित इतिहास के पन्नों में कहीं आजादी का रहा है आगाज। अनिल कुश ने एक भजन गाकर सुनाया तो रोहतक से आए संदीप बावरा ने पीत पीतांबर अरे नीलां अबर तेरी रचना नयारी को गाकर समां बांध दिया। इसी प्रकार शकुंतला, कमलेश गोयत, रानी पांचाल, रामफल खटकड़, देवदत्त देव, आजाद सिंह जुलानी, प्रेम सिंह नैन सहित लगभग 30 से अधिक कवियों ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुति दी। मंच का संचालन हरियाणा अकादमी से सम्मानित जगदीश राही ने किया। श्रोताओं के रूप में वीरेंद्र लाठर एडवोकेट, अनिल ढींगरा, धर्मपाल, रीमा वालिया, अनुग्रह, भारती, गीता नंदवाल, सुजाता सहित भारी संख्या में गणमान्य लोगों ने भाग लिया। हिंदी प्रेरक संस्था की पहल पर डॉक्टर धर्मदेव विद्यार्थी द्वारा यह घोषणा की गई कि कि साहित्य को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक मास एक दिन साहित्य संगोष्ठी और कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।*



### साहित्य सभा कैथल की अप्रैल मास की काव्य-गोष्ठी आयोजित

**कैथल।** साहित्य सभा कैथल की अप्रैल मास की काव्य-गोष्ठी का आयोजन आरकेएसडी कालेज के अध्यापक-कक्ष में साहित्य सभा के प्रधान एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफ़ेसर अमृत लाल मदान की अध्यक्षता में किया गया। काव्य-गोष्ठी का संचालन हरियाणवी और हिंदी के साहित्यकार एवं सभा के कोषाध्यक्ष रिसाल जांगड़ा ने किया। गोष्ठी का आरंभ राज बेमिसाल द्वारा उनके अनुभव पर आधारित संस्मरण से हुआ।निर्दोषों को जंग के आग में झोंकने वाली शक्तियों पर प्रहार करते हुए सुरेश कुमार कल्याण ने कहा : धन के मद मदहोश हो,कर काली करतूत। झोंक जगत को जंग में,गायब करे सबूत।पत्नी पर कटाक्ष करते हुए अनिल गर्ग धनौरी ने कहा : एक कमी सै बस मेरी लुगाई मैं।कणक काटण के टेम पै,रूस कै चली जा सै,बुलाकै अपणै भाई नै। अंधेरे का मनोविज्ञान समझाते हुए राजेश भारती ने कहा : जो लोग अंधेरे में रहते हैं,उन लोगों की आँखें बड़ी हो जातीं हैं। वे हमसे ज़्यादा देखते हैं।लेकिन लोग उन्हें अंधा कहते हैं। ईश्वर की सर्व व्यापकता को लेकर सतपाल पराशर आनन्द ने कहा : तेरे मेरे बीच मैं,जो रहता सो एक। मन मैं शांति धारकै देख सकै तो देख।अपने बचपन को याद करते हुए मधु गोयल मधुल ने कहा : स्मृतियों के आईने में,पन्ने बचपन के। लौट गई मैं फिर से,अपने खोये बचपन में। अमेरिका-ईरान संघर्ष के देश के आम आदमी पर पड़े असर को लेकर सतबीर सिंह जागलान ने कहा : अमेरिका-ईरान की,जिब तै छिड़ी जंग। सिलेंडर के बिना म्हारे देस आले भी होरै सैं तंग।एक झूठे व्यक्ति का चित्रण करते हुए रविंद्र रवि ने कहा : रोकर सच्चा बन जाता है,उसकी ये हर रोज़ की बात है। मां का महत्व बताते हुए रजनीश शर्मा ने कहा : मां घर-बगिया की माली। उसके बिन सब ख़ाली-ख़ाली। गांव की स्मृतियों को ताज़ा करते हुए डा. तेजिंद्र ने कहा : कच्ची छत,कीकर की छाँव लिये फिरता हूँ। मैं मन में अपना गाँव लिये फिरता हूं। बच्चे को कोरी कापी बताते हुए रामफल गौड़ ने कहा : मात-पिता जो चाहैं लिखदैं,दिल बच्चां का कापी कोरी। न्याय को लेकर रिसाल जांगड़ा ने कहा: फ़ैसलों में यूं जल्दबाज़ी मुनासिब नहीं।सच्चाई की नज़रंदाज़ी मुनासिब नहीं। इनके अतिरिक्त श्याम सुंदर शर्मा गौड़,सतीश शर्मा माजरा, सोहन लाल सोनी, अनिल कौशिक, दिलबाग अकेला ने भी काव्य-पाठ किया।

## भारतीयता एवं भारतीय ज्ञान परम्परा को बढ़ावा देने को किया प्रेरित

### एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय दो दिवसीय परिचायक वर्ग का समापने

हरिभूमि न्यूज. कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल, कुरुक्षेत्र विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय परिचायक वर्ग का विधिवत सम्मापन हुआ। प्रोफेसर जितेंद्र भारद्वाज, प्रांत अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय मंडल कार्य विभाग प्रमुख ने अपने विदाई संदेश आशा जताई कि सभी प्रतिभागी समाज में जाकर भारतीयता एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुसार बदलाव लाने में योगदान देंगे। विभिन्न स्त्रोतों एवं श्लोकों के माध्यम से उन्होनें मंडल निर्माण एवं मुल्य आधारित शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए शिक्षण मंडल के लक्ष्यों को स्पष्ट किया। इससे पहले सुबह के सत्र की शुरुआत योगाभ्यास एवं श्लोकाचारण से हुआ, दिलबाग शास्त्री ने इस प्रक्रिया को पुर्ण करवाया। प्रथम सत्र प्रेम शंकर ने शिक्षण मंडल के द्वारा मनाऐं जाने वाले वर्षभर के कार्यक्रमों -वर्ष प्रतिपदा, स्थापना दिवस, ब्यास पूजन, भारत माता पूजन, सरस्वती पूजन एवं मातृभाषा पूजन की जानकारी दी एवं इसके लिए मंडल निर्माण एवं कार्य पद्धति की चर्चा की। दुसरे सत्र में प्रत्यक्ष मंडल निर्माण एवं उसके द्वारा चिंतन की क्रियापद्धति का प्रतयक्ष अभ्यास करवाया गया। पांच वर्गो में सभी प्रतिभागियों को बांटकर भारतीय ज्ञान पद्धति का महत्व, प्रासंगिकता एवं चुनौतियों पर चर्चा की गई। तीसरे सत्र में प्रोफेसर तेजिंदर शर्मा ने विभिन्न मुद्दों पर मुक्त चर्चा का आयोजन किया।



कैथल । भारतीय शिक्षण के परिचायक वर्ग में उपस्थित पदाधिकारी फोटो : हरिभूमि

## सरदार जस्सा सिंह आहलूवालिया के स्मारक निर्माण शुरू

- सरपंच सोहनलाल वर्मा ने नींव की खुदाई के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया
- कहा- महापुरुषों की स्मृति को संजोना समाज का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंड़री

फतेहपुर-पूंडरी में महान सिख योद्धा व मिसलदार सरदार जस्सा सिंह आहलूवालिया की स्मृति को संजोने के लिए उनके स्मारक का निर्माण कार्य विधिवत रूप से शुरू हो गया। इस अवसर पर गांव में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और इस ऐतिहासिक पहल का स्वागत किया। कार्य के शुभारंभ के दौरान सरपंच सोहनलाल वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने नींव की खुदाई के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और कहा कि यह स्मारक आने वाली पीढ़यों को महान योद्धा के साहस, बलिदान और गौरवशाली इतिहास से परिचित कराएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों की स्मृति को संजोना समाज का दायित्व है और यह स्मारक क्षेत्र की सांस्कृतिक व ऐतिहासिक पहचान को और अधिक मजबूत करेगा। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने भी इस कार्य को सराहनीय बताते हुए इसमें पूर्ण सहयोग देने का भरोसा जताया। गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। लोगों ने कहा कि यह गांव के लिए गर्व का विषय है कि इतने महान व्यक्तित्व की याद में भव्य स्मारक का निर्माण हो रहा है, जिससे क्षेत्र में नई पहचान बनेगी। इस अवसर पर बलविंद्र वालिया, संदीप वालिया, कपिल वालिया, झंडू वालिया, विशाल वालिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



पूंडरी। कार्यक्रम के दौरान सरपंच सोहनलाल वर्मा व अन्य ग्रामीण।

#### कचरा डस्टबिन में डालें

ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि स्मारक बनने के बाद यह स्थान इतिहास प्रेमियों और युवाओं के लिए प्रेरणा केंद्र बनेगा। साथ ही यहां समय-समय पर सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से क्षेत्र में जागरूकता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्य नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोडऩे का माध्यम बनते हैं और समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्मारक निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने और इसे भव्य रूप देने का संकल्प लिया।

### गो माता की सेवा से बढ़कर कोई पुण्यकर्म नहीं

## भारत विकास परिषद ने गोशाला में कैंप लगाया



पूंडरी। नव सम्वत 2083 के सत्र की शुरुआत भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर पुंडरी द्वारा जयराम आदर्श गौशाला पुंडरी में गऊ माता की सेवा करके की। जिसमें गुड, दवाईयों, हरा चारा का वितरण किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष विनोद बंसल नें की। परिषद के 70 से 80 परिवारिक सदस्यों ने हिस्सा लेकर सभी पुण्य के भागीदारी बने। अध्यक्ष विनोद बंसल नें कहा कि जिस सनातन संस्कृति में हम गाय को गऊमाता का दर्जा देते है, उसकी सेवा से बढक़र कोई पुण्यकर्म नहीं है। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष विनोद बंसल,सचिव रविकांत गर्ग, महिला सहभागिता इंदु शर्मा, जिला सह सम्यवक हर्ष सेठी, विजय कंसल जी , प्रभात गोयल, संदीप गर्ग, विनोद बंसल मंडी,अमित टाया, सुनील गर्ग , नवीन टाया, संदीप गोयल शामिल हुए।

## हास्य नाटिका रिफंड का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय साहित्यिक उत्सव रूबरू में करवाई गई शैक्षणिक गतिविधियों की श्रृंखला में समारोह के समापन के अवसर पर बीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने मुख्य अतिथि डॉ ज्योति सेठ व महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शकुंतला सिंगला की उपस्थिति में प्रसिद्ध नाटककार फ्रिट्ज़ कारिन्थी रचित हास्यनाटिका रिफंड का शानदार मंचन किया । नाटिका में छात्राओं ने विभिन्न किरदारों को जीवन्त किया, जहाँ वासरकोफ के रूप में छात्रा सायिका ने सभी दर्शकों को हँसी से लोटपोट किया, वहीं वंशिका, पलक, सिमरन, मनिषा, शिवानी, सुनीता व प्रिया ने प्रधानाचार्य, हिस्ट्री मास्टर, फिजिक्स मास्टर, मैथमैटिक्स मास्टर, जियोग्राफी मास्टर व प्यून आदि का सशक्त अभिनय कर प्रतिभा का परिचय दिया। मुख्य अतिथि ने कलाकारों की प्रशंसा की व प्राचार्या डॉ शकुंतला सिंगला ने कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक क्रियाकलाप छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं तथा उनमें अंतरनिहित प्रतिभा को निखारते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए अंग्रेजी की प्राध्यापिका प्रियंका व मिस नीरू ने प्रश्नोत्तरी करवाई व पूरे सप्ताह के दौरान चली प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम अंग्रेज़ी वार्तालाप में बीकॉम की मानसी व मुस्कान प्रथम ,संवाद में बीए की भावना व अनु, पोस्टर प्रेजेंटेशन में एमए की चेतन्या व अस्मी, संस्कृत कविता में कावेरी व पंजाबी कविता में महक बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान हासिल किया।



पूंडरी। हास्यनाटिका कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं।

### चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का किया अभिनंदन

## मंडी हितों के लिए सक्रिय नेतृत्व को मिला सम्मान



**सीवन।** सीवन अनाज मंडी एसोसिएशन की ओर से मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर सैनी खानपुर तथा वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आढ़तियों व पदाधिकारियों ने दोनों नेताओं के कार्यों की सराहना करते हुए सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंडी प्रधान अमरिंदर सिंह खारा एवं पूर्व प्रधान कृष्ण गर्ग ने संयुक्त रूप से कहा कि गेहू के सीजन को लेकर मंडी में तैयारियां जोरों पर हैं। ऐसे समय में चेयरमैन शमशेर सैनी और वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल किसानों और आढ़तियों के हितों की आवाज मजबूती से उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पदाधिकारी सीजन के दौरान खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने, किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, तथा मंडी में व्यवस्थाएं बेहतर बनी रहें। उन्होंने कहा कि मंडी में साफ-सफाई, तौल व्यवस्था, फसल उठान और भुगतान जैसी व्यवस्थाओं को लेकर भी निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

**राहत** फकीर पीर कालोनी व कृषि क्षेत्र के बीच मार्ग बदहाल, किसान झेल रहे परेशानी

बरसाात के दिनों में कालोनी से खेतों तक जाने में होती थी मुश्किल

## कलायत के वार्ड एक में खेतों के कच्चे रास्ते को पक्का करने का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

शहर के वार्ड नंबर एक में विकास कार्यों को गति देते हुए नगर पालिका ने आवासीय क्षेत्र के साथ-साथ खेतों तक जाने वाले कच्चे रास्तों को लाखों रुपए के बजट से पक्का करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। राजेंद्र राणा, कवि राज राणा, जस्सी राणा, रोशन राणा, प्यारे लाल, रामा, विकास व दूसरे लोगों ने कहा कि लंबे समय से स्थानीय निवासियों एवं किसानों द्वारा इस प्रकार के रास्तों को पक्का करने की मांग उठाई जा रही थी। इस महत्वपूर्ण मांग को पूरा करवाने में वार्ड एक पार्षद कुमारी रेणु धानिया ने महत्वूपर्ण भूमिका निभाते हुए विकास कार्य को शुरू करवाया। उनका ध्येय फकीर पीर कालोनी व खेतों के बीच के इस रास्ते को सरकार की नीति अनुसार अंतिम छोर तक पूरा करवाना है। प्राथमिक चरण में इसके एक पार्ट का कार्य आरंभ कर दिया गया है। नगर पालिका सचिव पवन कुमार, पालिका अभियंता राजेश प्रजापति, कनिष्ठ अभियंता अब्दुल वाहब व वर्क सुपरवाइजर अमित राणा द्वारा कच्चे रास्तों को पक्का करने की योजना को गति देने के लिए कई बार पार्षद के साथ स्थिति का मुआयना किया। जन समस्या को गंभीरता से लेते हुए औपचारिकताओं एवं टेंडर प्रक्रिया को पूरा करते हुए एजेंसी को निर्माण कार्य पारदर्शिता-गतिशीलता से पूरा करने के निर्देश दिए गए। पार्षद कुमारी रेणू धानियां ने बताया कि बरसात के दिनों में कच्चे रास्तों की हालत बेहद खराब हो जाती थी। किसानों को खेतों तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।



कलायत। वार्ड एक की फकीर पीर कालोनी में कच्चे रास्ते को पक्का करने के लिए कार्रवाई में लगी एजेंसी। फोटो : हरिभूमि

#### सुगम राहों, निर्माण, स्वच्छता व सौंदर्यीकरण

लोगों ने इस निर्माण विकास कार्य का स्वागत करते हुए शासन-प्रशासन व नगर पालिका जन प्रतिनिधियों का आभार जताया है। उनका कहना है कि पक्के रास्ते बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई दिशा मिलेगी। वार्ड के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। पेयजल, गलियों में रोशनी, सफाई व्यवस्था, निर्माण, सीवरेज व जैसे अन्य कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

#### शहरी एवं ग्रामीण विकास को लेकर सीएम गंभीर: राजपूत

भाजपा कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण विकास को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरी तरह गंभीर हैं। इस क्रम में एक के साथ-साथ सभी वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा रहा है। पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा निरंतर नगर पालिका जन प्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता व आम लोगों के साथ विमर्श करते हुए विकास को गति देने में लगी हैं।

## राजौंद : श्री श्याम हरी सेवा ट्रस्ट ने करवाए 11 कन्याओं के हाथ पीले

**राजौंद।** श्री श्याम हरी सेवा ट्रस्ट कैथल द्वारा रविवार को 11 कन्याओं के चौथे सामूहिक विवाह समारोह का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े गणमान्य लोगों ने शिरकत कर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। संस्था के प्रधान सतीश शर्मा ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह पूरी गरिमा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी सरपंच कृष्ण कुमार कांगथली, भगत सतीश कुमार, भगत कृष्ण कुमार, समाजसेवी रिशिपाल पांचाल, दया गुप्ता, डॉ. कुसुम गुप्ता, एडवोकेट संजीव सिंगला तथा प्रमुख समाजसेवी लाजपत राय सिंगल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखद वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। सतीश शर्मा ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए ऐसे सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है।



राजौंद। सामूहिक विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते अतिथि व उपस्थित गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### ट्रेन से मरे दो नंदी बैलों का किया अंतिम निस्तारण

**जींद।** भगत सिंह कॉलोनी जींद के पास रेलवे लाइन पर दो खागड़ (नंदी बैल) ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए दोनों पशुओं के अंतिम निस्तारण का कार्य किया। सबसे पहले मंजीत लाठर (वकील), निवासी करसोला ने कुछ स्थानीय लोगों के सहयोग से रात में ही एक खागड़ को मिट्टी डालकर दबा दिया। दूसरे खागड़ को सुबह जेसीबी मशीन बुलवाकर कॉलोनी वासियों के सहयोग से दबवाया गया। इस कार्य में जयभगवान उर्फ भाना, बिजेंद्र लोहान, जीतू, विनोद लाठर , बंसी, मनोज खटकड़, कुलदीप कुंडू तथा जोगिंदर सहित अन्य लोगों ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

### विकास के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित : मिड्ढा

**जींद।** राज्य सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा गरीब एवं मध्यम वर्ग को आवास उपलब्ध कराने के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में बुनियादी ढांचे, आवास, शिक्षा, जलापूर्ति एवं स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। यह जानकारी कृष्णलाल मिड्ढा ने शहर के विभिन्न बस्तियों, वार्ड तथा कालोनियों में किए गए कार्यक्रमों तथा गत 5 अप्रैल को जींद में हुई मुख्यमंत्री हरियाणा की धन्यवाद एवं विकास रैली में पहुंचने के लिए आभार कार्यक्रम के तहत आमजन को दी।

### 45 हजार से ज्यादा हैप्पी कार्ड एक्टिवेट नहीं

**जींद।** अगस्त 2024 के बाद रोडवेज मुख्यालय की ओर से जींद डिपो में भेजे गए 45 हजार 750 हैप्पी कार्ड के एक्टिवेट होने का इंतजार है। कार्ड दो सप्ताह पहले डिपो में भेजे गए थे। मुख्यालय से यह कार्ड एक्टिवेट किए जाएंगे, जिसका संदेश लाभार्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आएगा। इसके बाद लाभार्थी को दस्तावेज लेकर डिपो में आना होगा, फिर 50 रुपये शुल्क के साथ हैप्पी कार्ड एक्टिवेट हो जाएगा, जबकि पहले वाले 4800 हैप्पी कार्ड लोगों को देना बाकी है। योजना के तहत रोडवेज बसों में साल में एक हजार किलोमीटर सफर कर सकता है। जिले में 107401 हैप्पी कार्ड बने थे, जिसमें से अभी 102580 कार्ड पात्र लोगों को दिए जा चुके हैं।

### एवीटी ने नशा तस्करी के दो आरोपी किए गिरफ्तार

**जींद।** एवीटी स्टाफ ने नशा तस्करी के दो आरोपितों गांव तालु निवासी हर्ष व महम कांठमंडी निवासी साहिल को गिरफ्तार किया है। एवीटी स्टाफ इंचार्ज उपनिरीक्षक यशवीर सिंह ने बताया कि 11 फरवरी को जुलाना थाना पुलिस ने कमाचखेड़ा मोड़ के पास से रोहतक जिले के गांव भैणी महाराजपुर निवासी सागर को चार किलो 158 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था।

# जुलाना मंडी में बॉयोमेट्रिक में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे किसान नहीं हो रही गेहूं की खरीद, शामलो कलां गांव में नहीं पहुंचा बारदाना

**बारदाना न पहुंचने से किसानों में रोष, खरीद व्यवस्था बदलने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना

क्षेत्र के किसान मंडी में फसल तो डाल रहे हैं लेकिन अभी तक काफी किसानों ने अपनी बायोमेट्रिक ने करवाई है जिसके चलते किसानों की फसल नही बिक रही है। मंडी में अब तक 251767 किवंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से जुलाना की नई अनाजमंडी में 245518 किवंटल, पुरानी अनाजमंडी में 9074 किवंटल,फतेहगढ़ के खरीद केंद्र में 175 किवंटल और रविवार से शामलो कलां खरीद केंद्र पर भी आवक शुरू हो चुकी है। मंडी में अब तक 3720 किसानों के गेट पास कटे हैं जिसमें से 3055 किसानों ने बायोमेट्रिक करवाई है लेकिन 665 किसानों ने अभी तक बायोमेट्रिक नही करवाई जिससे इन किसानों की फसल नही बिक पाई है।

### किसानों ने सरकार से की खरीद व्यवस्था बदलने की मांग

जुलाना अनाजमंडी के अंतर्गत आने वाले शामलो कलां खरीद केंद्र पर गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है, लेकिन यहां अभी तक बारदाना नहीं पहुंचा है। इस कारण किसानों में सरकार और प्रशासन के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। किसानों ने मांग की है कि इस सेंटर पर एफसीआई की खरीद को बदलकर किसी अन्य एजेंसी (हैफेड) के माध्यम से खरीद करवाई जाए।प्रदेश में 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन शामलो कला सेंटर पर 12 दिन बीत जाने के बावजूद भी बारदाना उपलब्ध नहीं हो पाया है। इसके चलते किसानों को अपनी फसल बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इस सेंटर पर शामलो कला, रामकली, ढिगाना, पड़ाना, निडानी, खीमाखेड़ी, शामलोखुर्द , गोसाई खेड़ा, गतौली सहित कई गांवों का गेहूं आता है। बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल लेकर सेंटर पहुंच रहे हैं, लेकिन खरीद न होने से उन्हें इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि एफसीआई के माध्यम से खरीद होने के कारण बरदाना नहीं पहुंच पा रहा है। वहीं एफसीआई अधिकारियों का कहना है कि उनके पास अभी तक 'लस्टर लॉस' का लेटर नहीं आया है। लेटर मिलने के बाद ही खरीद प्रक्रिया शुरू की जाएगी और उसके बाद ही बारदाना उपलब्ध कराया जाएगा।



**जुलाना।** जुलाना की अनाजमंडी में पड़ी गेहूं की फसल। *फोटो : हरिभूमि*

**बायोमेट्रिक कराएं किसान**

बार बार किसानों से बायोमेट्रिक के लिए जागरूक किया जा रहा है। अगर कोई किसान बायोमेट्रिक नही करवाता है तो उसे फसल बेचने में परेशानी होगी। आढ़तियों को भी चाहिए कि वो मंडी में आने वाले किसानों की बायोमेट्रिक अवश्य करवाएं।
**-कोमिला, सचिव मार्केट कमेटी जुलाना।**

**किसानों को नहीं होगी परेशानी**

शामलों कलां खरीद केंद्र पर अभी तक बारदाना नही पहुंचा है तो संबंधित अधिकारियों से बात की जाएगी। जल्द से जल्द मंडी में बारदाना भेजा जाएगा। किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी नही आने दी जाएगी।
**-मोहम्मद इमरान रजा, डीसी जींद।**

## रास्ते की चौड़ाई कम होने से गांववासियों में रोष, तंग रास्ते से होगी परेशानी

# गांव बड़सीकरी खुर्द में फिरनी निर्माण में सरकारी जमीन खुर्दबुर्द, ग्रामीणों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत के गांव बढ़सीकरी खुर्द में बड़े बजट से लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे फिरनी मार्ग की कम चौड़ाई के विरोध में ग्रामीणों एवं किसानों ने रविवार को प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के इस मुद्दे के समर्थन में खुद ग्राम पंचायत भी उतर आई है। ग्रामीणों का कहना है कि फिरनी मार्ग की चौड़ाई 33 फीट है। जबकि रास्ते को महज 12 से 13 फीट चौड़ा करने के लिए विभाग द्वारा काम शुरू किया गया है। इससे न केवल सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे होंगे बल्कि रास्ता तंग रहेगा। इससे ग्रामीणों और ग्राम पंचायत में भारी नाराजगी है। इस मामले को लेकर गांव के लोगों ने जिला प्रशासन का दरवाजा खटखटाया और उपायुक्त को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। धन्ना राम, रामफल, भजनलाल, महावीर, ईश्वर, महिपाल, चंद्रभान, रघुबीर, पाला, पंच किताब सिंह, सुनील पंच, अनिल पंच, संदीप, बलकार, सतबीर, भाना व रमेश ने बताया लोक निर्माण विभाग द्वारा फिरनी पर सडक़ निर्माण किया जा रहा है। लेकिन बिना सही निशानदेही के ही कार्य शुरू कर दिया गया है। पंचायत का कहना है कि किसी भी सार्वजनिक निर्माण कार्य से पहले भूमि की सही पैमाइश और सीमांकन निशानदेही आवश्यक है। इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। पंचायत ने स्पष्ट किया कि अगर सड़क की चौड़ाई कम की गई तो भविष्य में आवागमन की समस्या खड़ी हो सकती है। ग्रामीणों को असुविधा झेलनी पड़ेगी। शिकायत में उपायुक्त से मांग की गई है कि जब तक निर्माण स्थल की सही निशानदेही नहीं हो जाती तब तक कार्य को तुरंत प्रभाव से रोका जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस तरह यह मामला अब प्रशासन के लिए एक चुनौती बनता जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार गांव बड़सीकरी- बालू मार्ग पर संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर की सडक़ का निर्माण करने की मांग वे लंबे समय से उठा रहे हैं। सडक़ के पास अनाज मंडी का खरीद केंद्र भी है। इसलिए आवाजाही अधिक रहती हैं। रिकार्ड अनुसार रास्ते की चौड़ाई 33 फीट है। जबकि निर्माण एजेंसी इसका केवल 12-13 फीट चौड़ाई से निर्माण कर रही है।

**सार्वजनिक निर्माण में सीमांक निशानदेही व सही पैमाइश का होना बहुत आवश्यक**


**कलायत।** कलायत के गांव बढ़सीकरी खुर्द में सड़क की चौड़ाई को कम करने पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

**कार्यालय आने के बाद साफ होगी स्थिति**

लोक निर्माण विभाग कार्यकारी अभियंता राजकुमार नैन ने बताया कि रविवारीय अवकाश के कारण वे कार्यदिवस पर रिकार्ड की समीक्षा करने के बाद पूरी स्थिति को स्पष्ट करेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को निमय अनुसार मार्ग का निर्माण पूरा करने का भरोसा दिलाया।


**कैथल।** इनेलो के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला और रामपाल माजरा किसानों से बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# इनेलो का कैथल मंडी में गेटपास व बायोमेट्रिक के विरोध में प्रदर्शन

- अभय चौटाला बोले, नाक रगड़वाकर बंद करवाएंगे बायोमेट्रिक
- एसडीएम ने कहा कि गेहूं खरीद में किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

इनेलो के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश में गेहूं बेचने में किसनों को परेशानी आ रही है। गेहूं बेचने के लिए किसानों को जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ रहा है। इनेलो ने इसके विरोध में रविवार को कैथल की नई अनाज मंडी में प्रदर्शन किया। अभय चौटाला और इनेलो प्रदेगशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिले था उन्होंने कहा था कि गेहूं खरीद में कोई परेशानी नहीं आएगी। आढ़तियों के लाइसेंस भी रिन्यू किए जाएंगे, लेकिन सीएम की जानकारी के बिना अधिकारियों ने लाइसेंस महज छह माह के लिए जारी कर दिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में बायोमेट्रिक हटाने का भी आश्वासन दिया था। अब उसे भी वापस नहीं लिया गया।

**व्यवस्थाओं की कमी**

अभय चौटाला ने कहा कि किसानों को पानी सहित अन्य प्रबंध नहीं किए गए हैं, पीने तक का पानी मंडी में उपलब्ध नहीं है, किसानों के लिए मंडी में हर सुविधा होनी चाहिए, कोई भी परेशानी नहीं आनी चाहिए।

**भाजपा सरकार पूरी तरह से किसान विरोधी**

**जींद।** नई अनाज मंडी में इनेलो पार्टी द्वारा शुरू किए गए किसान कष्ट निवारण केंद्र पर इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मौजूदा सरकार पूर्णतया किसान विरोधी सरकार है। पहले तीन कृषि के काले कानून लेकर के आए थे। किसानों के संघर्ष ने उन कानून को हटवाने का काम किया, लेकिन सरकार अब फसल बिक्री के लिए ऐसे कानून लेकर के आई है, जो पूर्णत किसान विरोधी है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम सरकार ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल को बंद करवा दिया, जिससे लाखों एकड़ फसल रजिस्टर्ड होने से वंचित रह गई थी। इसके बाद सरकार ने लगभग नौ हजार परचेज केंद्रों को बंद करने का फैसला लिया। इसके बाद फसल की एंट्री के लिए टाइम बाउंड किया गया, इन सभी कानून पर हम महामहिम राज्यपाल से भी मिले और मजबूरन सरकार को इन कानून को हटाना पड़ा।

# फसल खरीद कार्य में नहीं कोई बाधा : कर्मवीर

- पिल्लूखेड़ा मंडी का किया निरीक्षण, संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने रविवार को पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहा चल रहे फसल खरीद कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों और आढ़तियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आढ़तियों ने बारदाना की उपलब्धता, फसल में नमी की जांच और उठान (लिफ्टिंग) इत्यादि से जुड़ी समस्याएं रखीं। इस पर कर्मवीर सैनी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर तुरंत समाधान किया जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया निर्बाध रूप से जारी रहे। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सरकार द्वारा मंडियों में सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। खरीद प्रणाली से किसान व आढ़ती पूरी तरह से संतुष्ट हैं।


**जींद।** पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी में फसल खरीद कार्य का निरीक्षण करते हुए राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे उपस्थित**

वहीं, किसानों एवं आढ़तियों ने राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी से रूबरू होते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यप्रणाली बेहद सरल और स्पष्ट है। मुख्यमंत्री स्वयं प्रदेश की मंडियों में चल रहे फसल खरीद कार्य पर नजर बनाए हुए हैं। यही कारण है कि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मंडी में किसानों,आढ़तियों व मजदूरों को सुगम और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध करवाया गया। मौके पर आढती एसोसिएशन पिल्लूखेड़ा के प्रधान जसवीर देशवाल,चांदराम देशवाल, आढ़ती होशियार सिंह सैनी, नंदकिशोर गुप्ता, सुरजभान देशवाल, धर्मवीर, सरदार करनैल सिंह (एचजीपीसी), श्याम लाल मित्तल, महेंद्र कुमार, अनिल कुंडू आदि रहे।

# महिलाएं बनेंगी नीति निर्माता : तायल

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतंत्र में सामाजिक परिवर्तन का मजबूत आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

भाजपा जींद की जिला महामंत्री डॉ पुष्पा तायल ने महिलाओं से रूबरू होते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 भारतीय लोकतंत्र में ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है जो महिलाओं को नीति की लाभार्थी से नीति की निर्माता बनने की दिशा में सशक्त करेगा। तायल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पारित यह अधिनियम सामाजिक परिवर्तन का मजबूत आधार है। तायल ने स्पष्ट किया कि महिला सशक्तिकरण अब केवल समानता या प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है बल्कि महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी देना समय की मांग है।


**जींद।** महिलाओं के साथ भाजपा की जिला महामंत्री डॉ. पुष्पा तायल।

**नमो ड्रोन से आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं**

तायल ने महिलाओं से रूबरू होते हुए बताया कि प्रधानमंत्री अवश्य योजना के तहत 72प्रतिशत घरों का स्वामित्व महिलाओं को मिलने के कारण उन्हें सामाजिक सुरक्षा व सम्मान प्राप्त हुआ है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के चलते माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का नामांकन 80.2 प्रतिशत तक पहुंच गया है। नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 से महिलाएं नीति निर्माता बनेगी।

### पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक : उपायुक्त

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान यानि कि कुल 80 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। तीन किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर से 78 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## कार्यक्रम में अंत्योदय योजनाओं पर कार्यकर्ताओं के साथ किया गया संवाद

# गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत घर घर पहुंचाएंगे भाजपा की नीतियां : देवेंद्र अत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि भाजपा के गांव चलो, बस्ती चलो अभियान का उद्देश्य पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचना है और आमजन से संवाद कर पात्र लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाना है। विधायक अत्री रविवार को गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत घसो, करसिंधु गांव पहुंचे थे। करसिंधु में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पहले माल्यापण कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर अंत्योदय के तहत प्रदेश में सम्मानित परिवारों तक पहुंचायी जा रही योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं के संग संवाद किया तथा जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।


**उचाना।** करसिंधु में लोगों को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

**बिना पर्ची-खर्ची मिल रही प्रदेश में नौकरियां**

उन्हों कहा कि भाजपा की सोच पंक्ति में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की है। महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना लेकर सरकार आई। जो वायदा सीएम नायब सिंह सैनी ने किया था उस वायदे को पूरा किया। बिना पर्ची बिना खर्ची युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। बिना भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के तहत कार्य हो रहे है। राजनीति के मायनों को सीएम नायब सिंह सैनी ने बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण एवं विकास के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। विशेष रूप से किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश में अन्य सभी प्रदेशों से ज्यादा बुढ़ापा पेंशन दी जा रही हैं।

### अवैध छोटे पटाखे बनाने और बेचने का भंडाफोड़

**कैथल।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से छोटे पटाखे (चटर-पटर) बनाने व बेचने के मामले का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से करीब 30.520 किलोग्राम पटाखे बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की 11 अप्रैल को एएसआई रघुबीर सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर मौजूद थे। इसी दौरान एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि राजेन्द्र कुमार अम्बेडकर नगर में अवैध रूप से छोटे पटाखे बनाकर बेचने का काम करता है। सूचना पर पुलिस कार्रवाई करते हुए दमकल विभाग के कर्मचारी को साथ लेकर रेड की। रेड के दौरान व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे काबू कर लिया गया।